## खबर संक्षेप

### 10 हजार का इनामी नशा तस्कर गिरफ्तार

**करनाल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की अंबाला यूनिट ने 27 महीनों से फरार चल रहे इनामी नशा तस्कर राजेंद्र (निवासी समालखा, जिला पानीपत) को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 10,000 का इनाम घोषित था। राजेंद्र अवैधं गांजा तस्करी में संलिप्त था। जून 2023 में तरावड़ी से उसकी सहयोगी मीरा 25 किलो 600 ग्राम गांजा सहित पकड़ी गई थी, लेकिन वह तब से फरार था। आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर भेजा।



### केयू आईआईएचएस संस्थान में लगाए पौधे

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज में भूगोल विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पोधारोपण किया गया। प्राचार्या रीटा दलाल ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देना, सतत विकास की प्रथाओं को अपनाना और छात्रों एवं अध्यापकों में प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। उन्होंने शिक्षकों और छात्रों को स्थिरता एवं सामुदायिक कल्याण को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया।

### 'एक घंटा, एक साथ' कार्यक्रम 25 को

**पिहोवा।** उपमंडल अधिकारी नागरिक अभिनव सिवाच आईएएस ने कहा कि उपमंडल पिहोवा में स्वच्छ पिहोवा मेरा पिहोवा मेरा अभिमान के तहत लगातार अभियान चलाकर सफाई कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में 25 सितम्बर को प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक एक घंटा एक साथ कार्यक्रम चलाया जाएगा, जिसमें आमजन को सफाई के प्रति जागरुक किया जाएगा।

### राजकीय स्कूल के तीन खिलाड़ी कुश्ती में चमके



**कुरुक्षेत्र।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र के तीन खिलाड़ियों पार्थ ने ताइक्वांडो, भावेश ने मुक्केबाजी, स्नेहा ने कुश्ती की राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय व जिला कुरुक्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रार्थना सभा में विद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य अरुण गोयल ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया व भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी तथा सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विद्यालय की खेल विभाग प्रमुख रामभतेरी, सचिन चौधरी, रचना, राजेंद्र कुमार, सुरेंद्र सैनी, कविता, सुमित कुमार, सोमनाथ व विद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। प्राचार्य अरुण गोयल ने जो आगे राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं होनी है।

## अग्रसेन जयंती के अवसर पर पत्रकार एकता मंच ने लगाया शिविर

# 61 ने किया रक्तदान, सभी को बैज लगाकर किया सम्मानित

> रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं, सभी को करना चाहिए रक्तदान : रमेश गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

महाराजा अग्रसेन जयंती के पावन अवसर पर सामाजिक संस्था पत्रकार एकता मंच द्वारा पांचवें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य समाज में सेवा भाव को प्रोत्साहित करना और जरूरतमंदों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने शिरकत की एवं रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं भाजपा के जिला प्रवक्ता शिवनाथ कपूर, राइस एसोसिएशन के महासचिव राकेश हंस, समाजसेवी सुशील गुप्ता, डा. प्रवीन गुप्ता, ज्योति इंटरप्राइजेज के सीएमडी अनिल गुप्ता ने भी रक्तदाताओं को बैज लगाए। कैंप में 61 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया तथा रेडक्रास की टीम ने रक्त एकत्रित करने का काम किया। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं और समाजसेवियों ने भाग लिया। आयोजन स्थल पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों और रेड क्रॉस के डॉक्टरों की टीम ने उपस्थित रहकर रक्तदाताओं की जांच की और उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। इस मौके पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता।

*▶▶ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने शिरकत की एवं रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कैंप में 61 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया तथा रेडक्रास की टीम ने रक्त एकत्रित करने का काम किया। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं और समाजसेवियों ने भाग लिया और लोगों को रक्तदान के प्रति प्रेरित किया*



तरावड़ी। मुख्य अतिथि रमेश गुप्ता ने रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए।

### रक्त भरता किसी भी व्यक्ति के जीवन में उजाला

भाजपा के जिला प्रवक्ता शिवनाथ कपूर कहा कि कैंप में दिया गया रक्त अस्पताल में किसी मरते व्यक्ति के जीवन में उजाला भर सकता है। इसलिए इस दिशा में हर वर्ग को सोचना होगा। यह जीवन का सबसे बड़ा पुण्य है।

### जीवन में रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं

आयोजन स्थल पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों और रेड क्रॉस के डॉक्टरों की टीम ने उपस्थित रहकर रक्तदाताओं की जांच की और उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। आयोजन कर्ताओं ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता।

### रक्दान समाज सेवा की दिशा में पड़ी पहल

संस्था के वरिष्ठ सदस्य संदीप कटारिया एवं रोहित लामसर ने इस आयोजन को समाज सेवा की दिशा में एक सफल कदम बताते हुए कहा कि एकता मंच भविष्य में भी ऐसे जनहितैषी कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। इस मौके पर एकता मंच के प्रधान वीरेन्द्र जांगड़ा एवं राजकुमार खुराना ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में भाईचारे और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं, जो महाराजा अग्रसेन के आदर्शों का प्रतीक हैं। भविष्य में भी इसी तरह के जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर एसएमओ कैलाश गर्ग, संरक्षक हरीश चावला, जोगिंदर चौहान, पार्षद नरेश गाबा, पंकज ठाकुर के अलावा मंच के सभी सदस्य एवं अस्पताल का स्टाफ मुख्य रूप से मौजूद रहा।

## फोन पर सीधे संपर्क करें सरपंच : राहुल

# कचरा प्रबंधन पर राज्य स्तरीय सरपंच कार्यशाला आयोजित

» ग्रामीण विकास में सरपंचों की भागेदारी जरूरी

» शुक्रवार से रविवार सुनेंगे समस्याएं



करनाल। राज्य स्तरीय सरपंच कार्यशाला में अधिकारी व सरपंच।

हरिभूमि न्यूज नीलोखेड़ी ▶▶| करनाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "ग्रामोदय से भारतोदय" मंत्र को आगे बढ़ाते हुए हरियाणा ग्रामीण विकास विभाग ने गांवों के सर्वांगीण विकास और ठोस कचरा प्रबंधन पर जोर दिया है। नीलोखेड़ी स्थित हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान में शनिवार को आयोजित राज्य स्तरीय सरपंच कार्यशाला में विभाग के निदेशक डॉ. राहुल नरवाल ने कहा कि सरकार ग्रामीण अंचल की समस्याओं के समाधान में समुदाय की भागीदारी को सर्वोपरि मानती है। डॉ. नरवाल ने बताया कि चयनित महाग्रामों में बहुत जल्द कचरा संग्रह और निस्तारण के लिए विशेष वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वे हर शुक्रवार से रविवार शाम 5 से 7 बजे तक फोन पर सरपंचों की समस्याएं सुनने के लिए उपलब्ध रहेंगे। संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने ग्राम सभाओं में एक वर्ष की विकास योजना ग्रामवासियों की सहमति से तैयार करने की अपील की।

### विकास पर दिया जोर

- ▶▶| चयनित महाग्रामों को मिलेंगे कचरा संग्रह वाहन
- ▶▶| सरपंच हर सप्ताह निदेशक से फोन पर कर सकेंगे सीधे संपर्क
- ▶▶| ग्राम सभाओं में ग्राम विकास योजना बनाने पर जोर

## वोट चोर गद्दी छोड़ नारे के साथ कांग्रेसियों का प्रदर्शन

# कांग्रेस की हुंकार: वोट सिर्फ एक कागज का टुकड़ा नहीं, जनता की ताकत : राजेश वैध

नीलोखेड़ी/ तरावड़ी, 20 सितम्बर (राजकुमार खुराना) जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) प्रधान डॉ राजेश वैध वाल्मीकि के नेतृत्व में आज एक जोरदार अभियान चलाया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने वोट चोर, गद्दी छोड़ के गगनभेदी नारे लगाकर वर्तमान सरकार पर लोकतंत्र का अपमान करने और जनमत का अपहरण करने का आरोप लगाया। इस आंदोलन का नेतृत्व कांग्रेस जिला ग्रामीण प्रधान डॉ. राजेश वैध वाल्मीकि ने किया। उन्होंने कहा कि देश की जनता अब सब कुछ समझ चुकी है की कैसे सत्ता में बने रहने के लिए लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से खिलवाड़ किया जा रहा है, जनता की आवाज को दबाया जा रहा है, और संविधान के मूल्यों को नजरअंदाज किया जा रहा है। डॉ वैध ने कहा कि देश में बार-बार ऐसे उदाहरण देखने को मिले हैं, जहाँ जनता के बहुमत को नजरअंदाज कर जोड़-तोड़ से सरकारें बनाई जाती हैं। उन्होंने इसे लोकतंत्र की हत्या बताते हुए मांग की कि ऐसे च्वोट चोरोंज को सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

डॉ. राजेश वेद वाल्मीकि ने कहा जो सत्ता में बने रहने के लिए जनादेश को तोड़-मरोड़ कर पेश करते हैं, वे लोकतंत्र के गुनहगार हैं। अब वक्त आ गया है कि जनता उनसे सवाल पूछे और साफ तौर पर कहे —वोट चोर, गद्दी छोड़!

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कही यह बातेंः अगर वोट का सम्मान नहीं कर सकते, तो सत्ता छोडऩी होगी।, जनता अब जागरूक है, और गद्दी सिर्फ उसी को मिलेगी जो जनादेश का सम्मान करेगा। इस हस्ताक्षर अभियान में रत्न लाल सरपंच,नरेश शर्मा, केहर सिंह पूर्व सरपंच गुलरपुर, गुरविंद पंच गुलरपुर,रमेश चौहान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।




तरावड़ी। प्रदर्शन करते हुये जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) प्रधान डॉ राजेश वैध वाल्मीकि। *फोटो : हरिभूमि*

### शांतिपूर्ण रहा प्रदर्शन

यह विरोध प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा लेकिन इसका राजनीतिक संदेश बेहद तीखा था। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने हाथों में तख्तियां और पोस्टर लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वोट चोर गद्दी छोड़, लोकतंत्र की हत्या नहीं सहेगा हिन्दुस्तान, और जनता जाग चुकी है जैसे नारों से पूरा इलाका गूंज उठा।

## हादसे के बाद मची अफरा-तफरी, डायल -112 मौके पर पहुंची

# हादसे के बाद टायर पंचर की दुकान में घुसी ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली, बड़ा हादसा टला

> भयानक हादसे को देखकर मौके पर मौजूद हर कोई रह गया सन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

शनिवार की दोपहर तखाना मोड के पास एक भयानक हादसा हो गया। गनीमत रही कि इस हादसे में जान माल की हानि नहीं हुई। लेकिन हादसा देखकर आने-जाने वाले लोगों ने दांतों तले उंगली दबा ली। जानकारी के अनुसार तखाना मोड पर तरावड़ी ओवरब्रिज के ऊपर चढ़ने से पहले एक पंचर की दुकान पर पिकअप गाड़ी वाला अपनी गाड़ी का पंचर लगवा रहा था। तभी जीटी रोड से तरावड़ी की ओर आ रहे एक ईंटों से भरे ट्रैक्टर-ट्राली को एक अन्य बड़े वाहन ने साइड मार दी दी जिससे उसका संतुलन बिगड़ दी और ट्रैक्टर सीधे पंचर की दुकान में जा घुसा तथा वहां पर खड़ी पिकअप गाड़ी भी पलट गई। गनीमत रही कि पंचर की दुकान पर काम करने वाले लोगों बच गए तथा वहीं ट्रैक्टर-ट्राली में भी कई लोग सवार थे। वह मौके से फरार हो गए।



तरावड़ी। हादसे मे ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी पिकअप से टकराती हुई।

### खाद संकट को लेकर बैठे थे धरने पर

जानकारी देते हुए डायल 112 पुलिस कर्मचारी रणबीर दहिया ने बताया कि हमें सूचना मिली थी कि उक्त स्थान पर हादसा हुआ है तथा हादसे के समय कई लोग दुकान पर काम कर रहे थे लेकिन इस हादसे में किसी को चोट नहीं आई है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।



# विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण की अधिकारियों संग बैठक

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने शनिवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में नगर निगम व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर मुगल कैनाल और शेखपुरा कचरा प्लांट की स्वच्छता को लेकर चर्चा की। उन्होंने ड्रेन नंबर-1 के नवीनीकरण की योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि कार्य योजनाबद्ध और निर्धारित समय में पूरे किए जाएं। मुगल कैनाल और कचरा प्लांट की सफाई की जिम्मेदारी नगर निगम आयुक्त वैशाली शर्मा को सौंपी गई। मुगल कैनाल और कचरा प्लांट की सफाई की जिम्मेदारी नगर निगम पर, ड्रेन नंबर-1 का होगा नवीनीकरण,बारिश के बाद सड़कों की मरम्मत पर रहा जोर इसके अलावा मुगल कैनाल व शेखपुरा कचरा प्लांट की स्वच्छता और ड्रेन-1 नवीनीकरण पर भी चर्चा की गई।

## हर वर्ग के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है केंद्र और प्रदेश सरकार

# 214 दिव्यांगों को मिले मुफ्त मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल व उपकरण : हरविन्द्र

> मुफ्त मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल पर खिले दिवयांगों के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं है। नर सेवा ही नारायण सेवा है।


सभी को जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए। वे बाल भवन में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे, जहां 214 दिव्यांगों को 1.23 करोड़ रुपये की लागत से मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल व सहायक उपकरण वितरित किए गए। उपकरणों में 174 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, 1 ट्राइसाइकिल, 20 फोल्डिंग चेयर, 60 बैसाखी, 5 वाकिंग स्टिक, 1 टीएलएम किट, 22 कान की मशीन, 6 सीपी व्हील चेयर, 5 जॉयस्टिक, 3 रोलटोर, 15 वॉकर व 1 ट्राइपॉड शामिल रहे। सीएसआर के तहत यह उपकरण पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि. (पीएफसी) और हुडको द्वारा उपलब्ध कराए गए।



कार्यक्रम में दिव्यांग को प्रोत्साहित करते विधानसभाध्यक्ष हरविंद्र कल्याण।

### इस अवसर पर ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मेयर रेणु बाला गुप्ता, एलिम्को के पंकज द्विवेदी, हुडको के सहायक महाप्रबंधक मनीष कौशल, रेडक्रॉस सचिव कुलवीर मलिक सहित गणमान्य उपस्थित रहे।



### माहिका ने ताइक्वांडो राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीता रजत

**करनाल।** एस.के. मार्शल आर्ट फाउंडेशन ऑफ इंडिया की खिलाड़ी माहिका ने महाराष्ट्र के जलगांव में 16 से 18 सितम्बर तक आयोजित ताइक्वांडो राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया।

उनकी इस उपलब्धि पर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अंतरराष्ट्रीय मास्टर सतीश कुमार राणा ने अकादमी परिसर में पहुँचने पर उनका स्वागत मिठाई खिलाकर, फूलमालाओं से तथा ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच किया। इस अवसर पर संस्था के सभी खिलाड़ी और अभिभावक उपस्थित रहे। सतीश कुमार राणा ने कहा कि खिलाड़ियों को सम्मानित करने का मुख्य उद्देश्य खेल नीतियों को प्रोत्साहन देना और उनके मनोबल को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि खेलों में भाग लेने से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है। इसलिए प्रत्येक अभिभावक को चाहिए कि वे अपने बच्चों को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित करें, ताकि वे पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर सकें।

# पं. चिरंजी लाल शर्मा राजकीय कालेज में पोषण माह उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल के गृह विज्ञान विभाग में पोषण माह उत्सव 2025 के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन, नोटिस बोर्ड सजावट एवं हेल्दी फूड बाज़ार आयोजित हुआ। नोटिस बोर्ड सजावट प्रतियोगिता में प्रथम बी.एससी गृह विज्ञान द्वितीय वर्ष, द्वितीय बी.एससी गृह विज्ञान प्रथम वर्ष, तृतीय बी.एससी गृह विज्ञान तृतीय वर्ष। हेल्दी फूड बाज़ार में छात्राओं ने पौष्टिक व्यंजन जैसे कुकुम्बर बोट, हेल्दी ट्विस्टर, सूजी फ्लैट्स, पनीर कोन, सूजी बर्गर, मखाना भेल आदि प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्राचार्या डा. रेखा त्यागी व उप-प्राचार्य डा. जरनैल सिंह ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. सुनीता चोपड़ा के नेतृत्व व लैक्चरर डा. मनमीत कौर तथा प्रीति शर्मा के सहयोग से हुआ।

### यह रहा परिणाम

पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जन्नत (एम.ए. मास कम्युनिकेशन), द्वितीय सोनाली (एम.ए. इंग्लिश), तृतीय गौरव (बी.ए. प्रथम वर्ष) व प्रोत्साहन पुरस्कार सृष्टि को मिला। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम बी.एससी गृह विज्ञान प्रथम वर्ष, द्वितीय कंवर (बी.कॉम. पंचम सेम.), तृतीय तन्नु (बी.एससी गृह विज्ञान पंचम सेम.)।

### महाराजा अग्रसेन जयंती पर आयोजित होंगे कार्यक्रम

**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत थानेसर द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। संस्था के प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि महाराजा अग्रसेन जयंती पर 22 सितम्बर को कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ 22 सितम्बर को सुबह हवन एवं ध्वजारोहण के साथ अग्रवाल धर्मशाला नजदीक रेलवे स्टेशन पर होगा। महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर श्रद्धा भाव से माल्यार्पण होगा। गुप्ता ने बताया कि अग्रसेन जयंती पर्व के अवसर पर ही हर वर्ष की भांति अग्रवाल धर्मशाला मोती चौक में प्रीतिभोज होगा। सायं महाराजा अग्रसेन चौक मोहन नगर पर महाआरती, भव्य आतिशबाजी एवं प्रसाद वितरण होगा।

## तरावड़ी से निसिंग जाने वाली सड़क की खस्ता हालत से लोग परेशान

## सड़क में जगह-जगह बने गहरे गड्ढे हादसों को दे रहे दावत

# चेतावनी: अगर प्रशासन ने नहीं बनवाई जल्द से जल्द सड़क तो कारेसवा करवाएगा निर्माण : भूपिन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी को निसिंग से जोडऩे वाली मुख्य सडक़ की बदहाल स्थिति के चलते आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह सडक़ न केवल दो प्रमुख कस्बों को जोड़ती है, बल्कि इसके जरिए सैकड़ों गांवों के लोग रोजाना आवागमन करते हैं। बावजूद इसके, वर्षों से इसकी मरम्मत नहीं हुई है और जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सडक़ की स्थिति इतनी खराब है कि बरसात के दिनों में पानी भर जाता है और गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दुपहिया वाहन चालक सबसे अधिक जोखिम में होते हैं। कई बार छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। छात्रा सिम्मी कुमारी, मेघा, दीपिका ने बताया कि कॉलेज जाने के लिए इसी सडक़ का सहारा है, लेकिन गड्ढों और धूल के कारण बसें भी कम ही चलती हैं। गड्ढे से बचने के चक्कर में बाइक सवार हादसों का शिकार हो रहे है लेकिन प्रशासन मूक दर्शक बनकर तमाशा देख रहा है। यह सड़क तरावड़ी के निसिंग के अलावा अन्य कई गांवों को भी जोड़ती है लेकिन सड़क की खस्ता हालत से आधा दर्जन गांवों के लोग परेशान है। इसलिए प्रशासन को इस ओर जल्द से जल्द ध्यान देने की जरूरत है।



तरावड़ी। सडक़ पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे दिखाते स. भूपिन्द्र सिंह लाडी।

### खौफ के साए में सफर कर रहे वाहन चालक

सरपंच एसोसिएशन के प्रधान एवं हरियाणा गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य प्रतिनिधि स. भूपिन्द्र सिंह लाडी ने कहा कि बाइक सवारों को हर दिन डर के साए में सफर करना पड़ता है। इस सडक़ की मरम्मत के लिए कई बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। मैं प्रशासन को 15 दिनों का समय देता हूं अगर 15 दिनों में सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो 15 दिन बाद कार सेवा द्वारा सड़क की मरम्मत करवाई जाएगी। क्योंकि उक्त रोड पर आए दिन हादसे हो रहे है।

## खबर संक्षेप

### पानीपत पुलिस ने पौधरोपण करवाया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत शनिवार को गांव भादड़, ब्राह्मण माजरा और इसराना में पौधरोपण किया और करवाया। वहीं, डीएसपी आत्माराम ने पर्यावरण के महत्व की विस्तार से जानकारी दी और नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नशा न केवल व्यक्ति का जीवन बर्बाद करता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। इसके मद्देनजर नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इससे बचने के लिए प्रेरित करें।

### जनसंपर्क एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**पानीपत।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पानीपत पुलिस द्वारा शनिवार को आठ मरला स्थित पार्क में जनसंपर्क एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने इस दौरान वार्ड की विभिन्न कॉलोनियों के उपस्थित मौजिज व्यक्तियों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनकी पुलिस से संबंधित समस्याओं को जाना और मौके पर ही थाना प्रभारी व चौकी इंचार्ज को इनका समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर थाना माडल टाउन प्रभारी जगमिंद्र, आठ मरला चौकी इंचार्ज रोबिन, पार्षद योगेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस ने जानलेवा हमलावर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने सींक गांव में घर में घूसकर पिस्तौल से जानलेवा हमला करने मामले में तीसरे आरोपी अजय उर्फ बादल को गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पुलिस ने आरोपी अजय को कोर्ट में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया है। वहीं, इस मामले में उरलाना कला चौकी में सींक गांव निवासी बिजेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज है।

### इस्कॉन ने संकीर्तन का आयोजन किया

**पानीपत।** पानीपत के यमुना एनक्लेव क्षेत्र में इस्कॉन द्वारा भव्य संकीर्तन यात्रा का आयोजन किया गया। भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और चैतन्य महाप्रभु द्वारा प्रचारित हरिनाम संकीर्तन की भावना से ओतप्रोत यह आयोजन क्षेत्रवासियों के बीच आध्यात्मिक जागरण का संदेश लेकर पहुंचा। यात्रा के दौरान हरे कृष्ण महामंत्र का गुणगान करते हुए भक्त नाचते-गाते आगे बढ़े, जिससे पूरा इलाका भक्तिमय हो गया। इधर, यमुना एंक्लेव के निवासियों ने संकीर्तन यात्रा का स्वागत धूमधाम से किया।

### युवाओं को नई ऊर्जा देता है खेल

**पानीपत।** जिला स्तर पर आयोजित श्रम विभाग की दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का शिवाजी स्टेडियम में समापन हो गया। वहीं, कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के स्थानीय प्रतिनिधि गजेंद्र ने कहा कि खेल अनुशासन, मेहनत और टीम वर्क की भावना सिखाते हैं। जिला स्तर से ही प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलना चाहिए, ताकि वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी नाम कमा सकें। विभाग के अधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि गजेन्द्र सलूजा का बुके देकर स्वागत किया।

### धर्म के नाम पर राजनीति न हो

**पानीपत।** युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष गगन सेठी ने हनुमान स्वरूपों के साथ चलने वाले डीजे पर रोक लगाने के प्रयास कर रही भाजपा सरकार को धर्म के नाम पर राजनीति करने वाली पार्टी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता स्वयं ही डीजे पर रोक लगाने की बात करते है पर जब विरोध होता है तो मुकर भी जाते हैं। उन्होंने प्रशासन से रोक के बजाए नियम निर्धारित कर डीजे बजाए जाने की अनुमति देने की मांग की।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने राजकीय स्कूल जांचे

**पानीपत।** जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने राजकीय उच्च विद्यालय गांव रिसालू, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव पसीना खुर्द, राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल गांव गोयला खुर्द का औचक निरीक्षण किया। स्कूलों में बच्चों का शैक्षणिक स्तर जांचा।

## आर्य कॉलेज में विश्व ओजोन दिवस मनाया

# एकजुट कार्रवाई से धरती को स्वस्थ बनाया जा सकता है: डॉ. गुप्ता

**प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने मुख्य वक्ता का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर्य कॉलेज के इको क्लब व प्राणीशास्त्र संगठन के संयुक्त तत्वावधान में विश्व ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में सेमीनार हुआ। जिसमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की प्राणीशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा प्रो. डॉ. अनिता भटनागर ने कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने मुख्य वक्ता का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। वहीं, कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता, डॉ. अनिता भटनागर व कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. गीतांजलि साहनी ने दीप प्रज्वलन कर किया। इधर, प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा कि आज दुनिया भर में विश्व ओजोन दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा में ओजोन परत की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। इस वर्ष ओजोन दिवस विज्ञान से वैश्विक कार्रवाई तक थीम के तहत मनाया जा रहा है। यह अभियान इस बात पर जोर देता है कि वैज्ञानिक निष्कर्षों को नीतिगत उपायों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग में कैसे परिवर्तित किया जाता है। एकजुट कार्रवाई से धरती को स्वस्थ बनाया जा सकता है।



पानीपत। आर्य कॉलेज में विश्व ओजोन दिवस पर हुई प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थी अथितियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

■ पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा में ओजोन परत की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूक किया

### भाषण में साक्षी प्रथम

विश्व ओजोन दिवस पर भाषण प्रतियोगिता में साक्षी ने प्रथम, पुष्पाजंलि द्वितीय व खुशी तृतीय रही, सांत्वना पुरस्कार पुनीत किराड़यि को मिला। इधर, पोस्टर बनाने में ग़ज़ल सिमर पहला, वंशिका राठी दूसरा व आशीष तीसरे स्थान पर रहा। वहीं सांत्वना पुरस्कार भव्या को मिला। कविता पाठ में ईशा पहले, प्रीति दूसरे, श्रद्धा तीसरे, सांत्वना पुरस्कार दीपिका को मिला। वहीं, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में निहारिका पहले, दीपांशी ने दूसरे, आशु तीसरे स्थान पर रही। जबकि सांत्वना पुरस्कार वंशिका राणा को मिला।

## योग करने से शरीर होता है निरोग : डॉ. अनुपम



पानीपत। एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोडा के साथ विजेता छात्रा प्रिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रिया ने छत्तीसगढ़ में आयोजित छठी सीनियर राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर कॉलेज के लिए एक इतिहास बना दिया। वहीं प्रिया का चयन वर्ल्ड योगासन चैंपियनशिप के लिए भी हो गया है। वहीं, कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने प्रिया और डॉ.सुशीला बेनीवाल, प्रो.रेखा, प्रो.आनंद, प्रो.नीलम और ग्राउंड्समैन प्रताप सिंह के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रंशसा की। विदित रहे कि प्रिया पांचवें जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में भी गत वर्ष दो गोल्ड मेडल जीत चुकी है। प्रिय अब तक जिला स्तर पर 20, राज्य स्तर पर 8 और राष्ट्रीय स्तर पर 5 मेडल हासिल कर चुकी है। इधर, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने अपने संदेश में प्रिया की प्रशंसा करते हुए कहा कि योग करने से शरीर निरोग रहता है। वहीं हर नागरिक को प्रति दिन योग करना चाहिए। योग भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति है। हर आयु वर्ग के लोगों को योग करते हुए स्वयं को स्वस्थ्य रखना चाहिए।

■ योग भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति

# पौधे रोप कर स्वच्छता अभियान चलाया

## एसडी कॉलेज में सेवा पखवाड़ा के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत एनएसएस स्वयं सेवकों ने कॉलेज प्रांगन में पौधरोपण में हिस्सा लिया और बड़ी संख्या में पौधे रापे। तत्पश्चात स्वयं सेवकों ने रैली निकाली और कॉलेज और इसके आस-पास के स्थानों में स्वच्छता अभियान चलाया। जबकि स्वयं सेविकों ने पानीपत रेलवे स्टेशन और उसके समीप स्थित झुग्गी-झोपड़ियों में जाकर भी स्वच्छता अभियान चलाया। जबकि रैली को हरी झंडी उपप्राचार्य प्रो प्रवीण आर खेरडे ने दिखाई। स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन प्रोग्राम ऑफिसर एवं स्वच्छता एम्बेसडर डॉ. राकेश गर्ग और डॉ. संतोष कुमारी ने किया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने पहल कर अपने राष्ट्रीय कर्तव्य बोध का परिचय दिया और सम्पूर्ण पखवाड़े में आमजन को स्वच्छता के प्रति उनकी जिम्मेदारियों के बारें में जागरूक किया। इधर, प्रो. खेरडे ने कहा कि नागरिक स्वच्छता की ओर इतने जागरूक हो कि ऐसे स्वच्छता पखवाड़ो की जरुरत ही न पड़े।

■ रैली को उपप्राचार्य प्रो प्रवीण आर खेरडे ने हरी झंडी दिखाई




पानीपत। एसडी कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवी विद्यार्थी स्वच्छता जागरूकता रैली निकालते हुए। फोटो :हरिभूमि

### क्षत्रिय महासभा के प्रदेशाध्यक्ष बने राणा

**पानीपत।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा मानवेंद्र सिंह ने ठाकुर यशपाल राणा निवासी गांव ददलाना जिला पानीपत को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा को हरियाणा का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यशपाल राणा ने अपनी नियुक्ति के लिए अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा मानवेंद्र सिंह का आभार जताते हुए दावा किया कि वे संगठन का प्रदेश भर में विस्तार करेगे। राजा मानवेंद्र की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए कडे प्रयास करेगे। वहीं, संगठन के गठन के लिए वे जल्द ही प्रदेश भर का दौरा करेंगे और समर्पित क्षत्रियों को संगठन से जोड़ेगे।



# स्वच्छता अभियान चला कर जनता को जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

चौधरी देवीलाल मेमोरियल कन्या पीजी महाविद्यालय गांव सिवाह में एनएसएस के कैंप का आयोजन प्रात कालीन सत्र में किया गया। वहीं, छात्राओं ने कॉलेज परिसर में खरपतवार की सफाई की, नए पौधे लगाए, जीटी रोड, पीर बाबा कॉलोनी में स्वच्छता अभियान चलाया। जबकि पीर बाबा कॉलोनी के निवासियों को स्वच्छता के महत्व की जानकारी देते प्लास्थिक का त्याग करने की अपील की।

कॉलेज की प्राचार्या डॉ सुमन ने कहा कि जहां स्वच्छता होती है वहां रोग नहीं फैलते, इसी लिए कहा जाता है कि जहां स्वच्छता होती है वहां भगवान निवास करते है। जबकि एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर पूनम कादियान ने छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलवाई।

■ स्वच्छता के महत्व की जानकारी देते प्लास्थिक का त्याग करने की अपील की




पानीपत। चौधरी देवीलाल कॉलेज में पौधे रोपते हुए छात्राएं।

# कमरे वर्ग के मसीहा थे चौ.देवीलाल: डॉ. नैन

■ ताऊ देवीलाल के सम्मान में ऐतिहासिक होगी इनेलो की रोहतक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

युवा इनेलो के प्रधान महासचिव डॉ नवीन नैन भालसी ने कहा कि ताऊ देवीलाल कमेरे वर्ग के मसीहा था, उन्होंने ताउम्र देश के कमेरे वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्ष नहीं नहीं किया, बल्कि कमेरे वर्ग को अधिकारों की प्राप्ति के लिए एकजुट कर मुख्य धारा में शामिल किया। डॉ नैन ने दावा किया कि ताऊ देवीलाल की याद में 25 सितंबर को रोहतक में आयोजित होने जा रही इनेलो की रैली ऐतिहासिक होगी। रैली में हरियाणा ही नहीं बल्कि दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के वे नेता व प्रबुद्ध नागरिक भी भाग लेंगे जो चौधरी देवीलाल के सहयोगी रहे और उनकी विचारधारा पर चल कर देश, समाज व मानवता की सेवा कर रहे है। वहीं, डॉ नैन ने शनिवार को इसराना हलके के आधा दर्जन गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को ताऊ देवीलाल की याद में आयोजित होने जा रही रैली का न्यौता दिया। इस अवसर पर उनके साथ चौधरी प्रेम सिंह भालसी समेत इनेलो के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



डॉ. नवीन नैन भालसी

### मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन

**पानीपत।** पानीपत के गांव कुराड के आरोग्य आयुष्मान केन्द्र में स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वच्छ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन हुआ। जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांव उझा के प्रभारी डॉक्टर दीपक सैनी ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा और उन्हें स्वस्थ्य रहने के टिप्स दिए। कैंप को सफल बनाने को स्वास्थ्यकर्मी सतबीर सिंह, स्वीटी रानी, सोनिया रानी, एलटी सुनीता, दीपक पंचाल सोनिया, कमला, रीना, संतरा, राजेश कुमारी आदि ने सहयोग दिया।

■ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांव उझा के प्रभारी डॉक्टर दीपक सैनी ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा

## विद्यार्थियों ने लोधी पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया




पानीपत। आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, एनएसएस के स्वयं सेवी विद्यार्थियों को रवाना करते हुए। फोटो :हरिभूमि

**पानीपत।** सेवा पखवाड़ा के तहत आईबी पीजी कॉलेज के इतिहास विभाग ने दिल्ली के आखिरी सुल्तान इब्राहिम लोधी के मक़बरे की साफ सफाई की। वहीं, प्राचार्या डॉक्टर शशि प्रभा मलिक व प्रबंधन समिति के वरिष्ठ सदस्य युधिष्ठिर मिगलानी ने हरी झंडी दिखाकर इतिहास विभाग के बच्चों को रवाना किया। इधर, डॉ मलिक ने बताया कि हमें अपनी प्राचीन धरोहर व विरासत को संभालकर रखना चाहिए। वहीं, इतिहास विभागाध्यक्ष डॉक्टर नरवीर व सहायक प्रोफ़ेसर डॉक्टर बिजेंदर, रवि, चारु ने मिलकर इब्राहिम लोधी के मकबरे का भ्रमण किया और वहां स्वच्छता अभियान चलाया।

## न्यूज डायरी

### नवरात्रे पर्व की तैयारी शुरू

**पानीपत।** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रवि शंकर ने कहा कि हम नौ महीने मां के गर्भ में रहते हैं। गर्भ के भीतर केवल अंधकार होता है, रात ही रात। नौ महीने बाद जब हम जन्म लेते हैं तो हमारे सामने एक नई सृष्टि दिखाई देती है। ठीक उसी प्रकार नवरात्रि के ये नौ दिन मां के स्मरण और अपनी आत्मा से गहराई में जुड़ने के लिए हैं। नवरात्रि हमें तीनों प्रकार के तापों से मुक्त करती है आधिभौतिक, आध्यात्मिक और आधिदैविक। वहीं श्रद्धालुगण नवरात्रे पर्व की तैयारी में जुट गए है।

### महापर्व है दशहरा : भीम

**पानीपत।** बरसत रोड श्री राम दशहरा कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा ने प्रशासन से अपील की है कि दशहरा सनातन धर्म का महापर्व होता है। जिसे बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। जिसमें डीजे पर बजाने पर रोक न लगाकर उसके प्रयोग के लिए गाइड लाइन जारी करना जरूरी है। उन्होंने हनुमान स्वरूप से भी अनुरोध किया है कि वह मर्यादाओं को ध्यान में रखते हुए दशहरा के महापर्व को हंसी-खुशी से मनाए और जो भी प्रशासन गाइड लाइन तय करें उसके अनुरूप ही डीजे को बजाएं।

### महिलाओं में मिली खून की कमी

**पानीपत।** बापौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की ओर से गांव अधमी के आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में स्वच्छ नारी सश्क्त परिवार अभियान के तहत हैल्थ कैंप लगाया गया। जिसमें चिकित्सा अधिकारी डाक्टर कोमल द्वारा गर्भवती महिलाओं, दूध पिलाने वाली माताओं, बच्चों व अन्य मरीजों का ईलाज किया गया। वहीं अधिकतर महिलाओं में खून की कमी पाई गई। कैंप में स्वास्थ्य निरीक्षक सुशील कुमार, डा सोमबीर, डा यश बंसल, फार्मेसी अधिकारी प्रेम सिंह, लैब टेक्नीशियन रवि रावल, कविता, कमलजीत सिंह, नरेन्द्र कुमार, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने पौधे रोपे

**पानीपत।** पानीपत के गांव बापौली में राजकीय कॉलेज में सेवा पखवाड़े के तहत अध्यापकों व विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान चलाते हुए पौधे रोपे। जबकि प्राचार्य जोगिंद्र ने विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई। वहीं, यूथ रेड क्रॉस प्रभारी अभिषेक मोगा ने समाज सेवा और मानवता के मूल्यों की जानकारी दी।

### सुख-शांति विषय पर सत्संग का आयोजन किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव झाम्बा के शिव मंदिर में ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा सकारात्मक सोच से जीवन में सुख-शांति विषय पर सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें बीके मनीषा बहन ने अपने वक्तव्य में कहा कि मनुष्य का जीवन उसके विचारों पर आधारित होता है। यदि हमारे विचार सकारात्मक होंगे तो परिस्थिति चाहे जैसी भी हो, हम उसे सहजता से पार कर सकते हैं। परमात्मा की याद से मन शुद्ध और शांत रहता है, जिससे सकारात्मक सोच अपने आप विकसित होती है।

## एलसीएलओ कर्मचारियों का धरना जारी

**कुरुक्षेत्र।** एलसीएलओ कर्मचारी यूनियन हरियाणा के बैनर तले लघु सचिवालय कुरुक्षेत्र के सामने राज्य स्तरीय तीन दिवसीय धरने के दूसरे दिन की अध्यक्षता यूनियन राज्य प्रधान नीतू ने की और संचालन पवन पलवल राज्य महासचिव ने किया। धरने को यूनियन नेताओं के अलावा सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के पूर्व राज्य महासचिव एवं सीटू के नेता सतीश सेठी, कुटिया के पूर्व प्रधान एवं रिटायर कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य सचिव मान सिंह, जिला नेता अनिल कुमार, सुनील रत्न, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान ओम प्रकाश, हेमसा राज्य प्रधान संदीप सांगवान, रिटायर्ड कर्मचारी संघ राज्य ऑडिटर महावीर प्रसाद दहिया, आशा वर्कर्स की जिला प्रधान मंजीत एवं सचिव पिंकी, ब्लाक प्रधान सर्व कर्मचारी संघ थानेसर विशाल सैन आदि नेताओं ने धरने को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि करीब चार हजार लोकल कमेटी लोकल ऑपरेटर को 16 महीने से न काम मिला और न ही वेतन। नौकरी का विज्ञापन और टेस्ट सीपीएलओ की पोस्ट के लिए।

## विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया




**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गांव बापौली व बराना में विद्यार्थियों के लिए नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा उन्हें एक स्वस्थ और सुरक्षित जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था। पुलिस टीम द्वारा इस दौरान विद्यार्थियों को नशे की लत से होने वाले सामाजिक, मानसिक और शारीरिक नुकसानों की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बताया कि नशा न केवल एक व्यक्ति का जीवन खराब करता है, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी गहरा प्रभाव डालता है। इधर, पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को मादक पदार्थों से दूर रहने की शपथ दिलवाई।

# विद्यार्थियों ने राजकीय कॉलेज को स्वच्छ किया, स्टॉफ ने भी भाग लिया

■ अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इसराना

राजकीय महाविद्यालय गांव इसराना में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत प्राचार्य के नेतृत्व में एनएसएस, एनसीसी, इको क्लब व आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में छात्र व छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चला कर कॉलेज परिसर की और आसपास के क्षेत्र की सफाई की। स्वच्छता अभियान में महाविद्यालय के समस्त टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टॉफ ने भी भाग लिया। वहीं, इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना था। शिविर में प्लास्टिक मुक्त जीवन, कचरा प्रबंधन स्वच्छ आदतों के महत्व पर भी जागरूकता कार्यक्रम किए गए।



इसराना। राजकीय कॉलेज, इसराना के विद्यार्थी स्वच्छता अभियान चलाते हुए।

## एक दिवसीय स्वछता शिविर का आयोजन किया

# विद्यार्थियों ने प्लास्टिक को त्यागने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई व आईआईसी इकाई के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को एक दिवसीय स्वछता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कॉलेज की एनएसएस इकाई की प्रभारी डॉ. मनीषा नागपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातःकालीन सत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर, खेल परिसर, पार्कों एवं कॉलेज से सटे क्षेत्रों की सफ़ाई की। साथ ही, उन्होंने स्थानीय लोगों को प्लास्टिक बैग का उपयोग न करने के प्रति जागरूक किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।




पानीपत। आर्य कॉलेज में पुलिस अफसर कुलदीप यातायात नियमों की जानकारी देते हुए।

### सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन

सांयकालीन सत्र में सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर पानीपत ट्रैफिक पुलिस से एएसआई कुलदीप ने शिरकत की। वहीं, कॉलेज की एन.एस.एस. इकाई की कार्यक्रम अधिकारी आस्था गुप्ता, डॉ. मनीषा नागपाल व पंकज चौधरी ने मुख्य वक्ता कुलदीप का पौधा भेंट कर स्वागत किया।

